| |
|---|
| दिनांक 30.10.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 45/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद भदोही/थाना दुर्गागंज

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.10.2024 को थाना भदोही, थाना सुरियावां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बारी दुर्गागंज रोड शेरपुर गोपलहां के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–मो0 शकील घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–आशीष उर्फ भोला सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना भदोही पर पंजीकृत हत्या के अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 शकील के विरूद्ध जनपद मऊ, भदोही, कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना दुर्गागंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 शकील निवासी सलेमपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।

2–आशीष उर्फ भोला निवासी पड़िला इस्माइलगंज थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद झाँसी/थाना कोतवाली**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण बरामद**

दिनाँकः 30.10.2024 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगरिया कुँआ तिराहा के पहले बनी निर्माणाधीन दुकानों के पीछे से अभियुक्त आसिफ उर्फ अक्का को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से शतप्रतिशत चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनाँकः 26.10.2024 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण उक्त घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आसिफ उर्फ अक्का निवासी अली गोल खिड़की बाहर थाना कोतवाली जनपद झाँसी।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

## जनपद मथुरा/थाना जैत

- **08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 55 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **09 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 कार आदि बरामद**

दिनॉकः 29.10.2024 को थाना जैत व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जाटव मोहल्ला मरघट के मैदान के पास चौमुंहा से 08 अभियुक्तों 1–हरपाल उर्फ बन्टी 2–रितिक 3–सन्दीप 4–नन्दू 5–वेदव्यास 6–पुष्पेन्द्र उर्फ लाला 7–प्रवीन कुमार 8–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 55 किलोग्राम अवैध गांजा, 09 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 कार आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना जैत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरपाल उर्फ बन्टी निवासी ग्राम दघैंट थाना बल्देव जनपद मथुरा।

2–रितिक निवासी रानी दुर्गावती वार्ड मदन महल, शारदा चौक, थाना गढ़ा जनपद जबलपुर, म0प्र0।

3–सन्दीप निवासी मदन महल, शारदा चौक, थाना गढ़ा जनपद जबलपुर, म0प्र0।

4–नन्दू निवासी कूड़ाकला थाना बेलखेड़ा जनपद जबलपुर, म0प्र0।

5–वेदव्यास निवासी लोहवन बगीचा थाना जमुनापार जनपद मथुरा।

6–पुष्पेन्द्र उर्फ लाला निवासी नयाबांस थाना इगलास जनपद अलीगढ़।

7–प्रवीन कुमार निवासी ग्राम राधानगर थाना टुण्डला जनपद फिरोजाबाद हापलता–गणेशनगर थाना एत्मादौला, आगरा।

8–अभियुक्ता

**<u>बरामदगी</u>**

1—लगभग 55 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—09 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त 02 कार आदि।

## <u>जनपद कौशाम्बी/थाना करारी</u>

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 04 मोटर साइकिल**
- **09 मोबाइल फोन**
- **2892/—रूपये नगद**
- **04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.10.2024 को थाना करारी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दरियापुर से अडहरा जाने वाले मार्ग से 04 अभियुक्तों 1—सुमित 2—कुलदीप 3—गुलजार 4—सरनजीत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 04 मोटर साइकिल, 09 मोबाइल फोन, 2892/—रूपये नगद, 04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सुमित के विरूद्ध जनपद कौशाम्बी, कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर हत्या, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग व अभियुक्त कुलदीप के विरूद्ध जनपद कौशाम्बी व कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना करारी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—सुमित निवासी मंदर थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

2—कुलदीप निवासी मंदर थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

3—गुलजार निवासी मंदर थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

4—सरनजीत निवासी झपिया थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1—चोरी की 04 मोटर साइकिल।

2—09 मोबाइल फोन।

3—2892/—रूपये नगद।

4—04 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 27 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त कार बरामद**

दिनॉकः 30.10.2024 को थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सीटीए कट के पास से अभियुक्त बृजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 27 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—बृजेश निवासी अट्टा गुजरान थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1—लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 27 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा।

2—घटना में प्रयुक्त कार।

———